रजिस्ट्री सं. डी. (डी.एन.)-72

REGISTERED No. D. (D.N.)-72

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण

EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)

PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित

PUBLISHED BY AUTHORITY

सं० 4] नई दिल्ली, मंगलवार, जनवरी 4, 1983/पौष 14, 1904

No. 4] NEW DELHI, TUESDAY, JANUARY 4, 1983/PAUSA 14, 1904

इस भाग में भिन्न पष्ठ संख्या दी जाती है जिससे कि यह अलग संकलन के रूप में रखा जा सके

Separate paging is given to this Part in order that it may be filed as a separate compilation

नौवहन और परिवहन मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 4 जनवरी, 1983

का०आ० 4(अ) : मुम्बई डाक निकासी और अग्रेषण कर्मकार (नियोजन का विनियमन) स्कीम, 1981 का एक प्रारूप, डाक कर्मकार (नियोजन का विनियमन) अधिनियम, 1948 (1948 का 9) की धारा 4 की उपधारा (1) द्वारा यथा अपेक्षित भारत सरकार के नौवहन और परिवहन मंत्रालय की अधिसूचना सं० 3402 तारीख 22 नवम्बर, 1981 के अधीन भारत के राजपत्र, भाग 2, खंड 3, उपखंड (ii) तारीख 19 दिसम्बर, 1981 पृष्ठ 3877—3902 पर प्रकाशित किया गया था, जिसमें उक्त अधिसूचना के राजपत्र में प्रकाशन की तारीख से दो मास की अवधि की समाप्ति तक उन सभी व्यक्तियों से आक्षेप और सुझाव मांगे गए थे, जिनके उससे प्रभावित होने की सम्भावना है

और उक्त राजपत्र 2 जनवरी, 1982 को जनता को उपलब्ध करा दिया गया था;

और केन्द्रीय सरकार ने उक्त प्रारूप की बाबत प्राप्त आक्षेपों और सुझावों पर विचार कर लिया है;

अतः, केन्द्रीय सरकार, उक्त अधिनियम की धारा 4 की उपधारा (1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, मुम्बई पत्तन के लिए निम्नलिखित स्कीम बनाती है, अर्थात्:

1. संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ :

(1) इस स्कीम का संक्षिप्त नाम मुम्बई डाक निकासी और अग्रेषण कर्मकार (नियोजन का विनियमन) स्कीम, 1983 है (जिसे इसमें इसके पश्चात् स्कीम कहा गया है)।

(2) यह राजपत्र में प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होगी।

2. उद्देश्य और लागू होना :

(1) इस स्कीम के उद्देश्य डाक निकासी और अग्रेषण कर्मकारों के नियोजन की अधिक नियमितता सुनिश्चित करना और डाक निकासी तथा अग्रेषण कर्म का दक्षतापूर्ण पालन करने के लिए डाक निकासी और अग्रेषण कर्म का दक्षतापूर्ण पालन करने के लिए डाक निकासी और अग्रेषण कर्मकारों की पर्याप्त संख्या में उपलब्धता सुनिश्चित करना है।

(2) यह स्कीम मुम्बई पत्तन से संबंधित है और अनुसूची 1 में यथा वर्णित मुम्बई डाक में निकासी के लिए

आयात तथा निर्यात किए जाने वाले माल की लदाई, उतराई, परिवहन में लगे सभी कर्मकारों को लागू होती है, अर्थात् :—

(क) ऐसे कर्मकार जो—

(i) रूई की गांठों और प्रति स्थोरा थैला 80 किलो और उससे अधिक

(ii) बन्दरगाहों पर उतारे गए और ले जाए गए स्थोरा

(iii) अस्थियों और चर्म

(iv) आयातित खुला स्थोरा की लदाई और उतराई संक्रियाओं में लगे हुए है ।

(ख) डाक द्वारों के बाहर स्थोरा का परिवहन करने वाले हाथ ठेला चालक

(3) यह स्कीम खंड 3 में यथापरिभाषित रजिस्ट्रीकृत कर्मकारों और रजिस्ट्रीकृत नियोजकों को लागू होगी।

(4) इस स्कीम की कोई बात भारतीय नौसेना डाकयार्ड, मुम्बई के किसी वर्ग या वर्णन के डाक कर्म और डाक कर्मकारों को लागू नहीं होगी।

3. परिभाषाएं :

इस स्कीम में जब तक कि संदर्भ से अन्यथा अपेक्षित न हो :—

(क) "अधिनियम" से डाक कर्मकार (नियोजन का विनियमन) अधिनियम, 1948 (1948 का 9) अभिप्रेत है;

(ख) "प्रशासनिक निकाय" से खंड 4 के अधीन नियुक्त प्रशासनिक निकाय अभिप्रेत है;

(ग) "बोर्ड" से अधिनियम, के अधीन गठित मुम्बई डाक श्रम बोर्ड अभिप्रेत है;

(घ) "अध्यक्ष" से बोर्ड का अध्यक्ष अभिप्रेत है;

(ङ) "उपाध्यक्ष" से बोर्ड का उपाध्यक्ष अभिप्रेत है;

(च) "दैनिक कर्मकार" से कोई ऐसा रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकार अभिप्रेत है जो मासिक कर्मकार नहीं है;

(छ) "डाक नियोजन" से ऐसा व्यक्ति अभिप्रेत है जिसके द्वारा कोई डाक कर्मकार नियोजित किया जाता है या किया जाना है और इसके अन्तर्गत खंड 15(1)(घ) के अधीन बनाया गया डाक नियोजकों का समूह भी है;

(ज) "डाक कर्म" से स्कीम से संबंधित स्थानों और परिसरों में, उन वर्गों या वर्णनों के डाक कर्मकारों द्वारा, जिन्हें स्कीम लागू होती है, सामान्यतः की जाने वाली संक्रियाएं अभिप्रेत है;

(झ) "नियोजक रजिस्टर" से स्कीम के अधीन रखा गया डाक नियोजकों का रजिस्टर अभिप्रेत है;

(ञ) "श्रम अधिकारी" से प्रशासनिक निकाय द्वारा खंड 12 के अधीन नियुक्त श्रम अधिकारी अभिप्रेत है;

(ट) "मासिक कर्मकार" से वह रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकार अभिप्रेत है जो किसी रजिस्ट्रीकृत नियोजक या ऐसे नियोजकों के समूह द्वारा ऐसी संविदा के अधीन मासिक आधार पर नियोजित किया जाता है जिसके पर्यवसान के लिए किसी भी पक्ष से कम से कम एक मास की सूचना अपेक्षित है;

(ठ) "कार्मिक अधिकारी" से बोर्ड द्वारा खंड 5 के अधीन नियुक्त कार्मिक अधिकारी अभिप्रेत है;

(ड) "पूल" से ऐसे रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकारों का कोई पूल अभिप्रेत है जो कार्य के लिए उपलब्ध है और जो तत्समय मासिक कर्मकारों के रूप में किसी रजिस्ट्रीकृत नियोजक या डाक नियोजकों के समूह के नियोजन में नहीं है;

(ढ) "रजिस्टर या अभिलेख" से स्कीम के अधीन रखा गया डाक कर्मकारों का रजिस्टर या अभिलेख अभिप्रेत है ;

(ण) "रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकार" से वह रजिस्ट्रीकृत डाक निकासी और अग्रेषण अभिप्रेत है जिसका नाम इस स्कीम की अनुसूची 1 में विनिर्दिष्ट डाक कर्म करने के लिए रजिस्टर या अभिलेख में तत्समय प्रविष्ट है;

(त) "रजिस्ट्रीकृत नियोजक" से वह निकासी और अग्रेषण नियोजक अभिप्रेत है जिसका नाम नियोजकों के रजिस्टर में तत्समय प्रविष्ट है और जो सीमा शुल्क कलक्टर से प्राप्त अनुज्ञप्ति रखता है जब तक कि खंड 15 के उपखंड (ग) के अनुसार उसे बोर्ड द्वारा इस प्रकार छूट नहीं दे दी गई है;

(थ) "नियम" से डाक कर्मकार (नियोजन का विनियमन) नियम, 1962 अभिप्रेत है;

(द) "सप्ताह" से शनिवार की मध्यरात्रि से प्रारम्भ होने वाली और उत्तरवर्ती शनिवार की मध्यरात्रि को समाप्त होने वाली अवधि अभिप्रेत है;

4. "प्रशासनिक निकाय —

(1) केन्द्रीय सरकार इस स्कीम का दिन प्रतिदिन का प्रशासन चलाने के प्रयोजन के लिए राजपत्र में अधिसूचना द्वारा एक ऐसे निकाय जिसमें डाक निकासी और अग्रेषण कर्मकारों के नियोजक या कोई प्राधिकारी होगा, नियुक्त कर सकेगी।

(2) प्रशासनिक निकाय, बोर्ड और अध्यक्ष के पर्यवेक्षण और नियंत्रण के अधीन रहते हुए तथा खंड 43 के उपबंधों के अधीन रहते हुए दिन प्रतिदिन का प्रशासन चलाएगा।

(3) केन्द्रीय सरकार, उपखंड (1) के अधीन नियुक्त किसी प्रशासनिक निकाय को किसी पर्याप्त कारण से हटा सकेगी

परन्तु किसी प्रशासनिक निकाय को तब तक नहीं हटाया जाएगा जब तक कि उसे सुनवाई का युक्तियुक्त अवसर नहीं दिया गया है।

5. कार्मिक अधिकारी और बोर्ड के अन्य सेवक : अध्यक्ष एक कार्मिक अधिकारी और ऐसे अन्य अधिकारियों और सेवकों को नियुक्त कर सकेगा और उन्हें ऐसे वेतन तथा भत्तों का संदाय कर सकेगा और सेवा के ऐसे निबन्धन और शर्तें विनिर्दिष्ट कर सकेगा जो वह उचित समझे ;

परन्तु किसी ऐसे पद का सृजन नहीं किया जाएगा जिसका भत्तों को छोड़ कर वेतन 1650 रुपए प्रतिमास और उससे अधिक है और न ही ऐसे पद पर कोई नियुक्ति अध्यक्ष द्वारा केन्द्रीय सरकार के पूर्व अनुमोदन के बिना की जाएगी;

परन्तु यह और कि तीन मास से अधिक अवधि की छुट्टी के कारण हुई रिक्ति में की जाने वाली नियुक्ति के लिए केन्द्रीय सरकार की मंजूरी आवश्यक नहीं होगी।

6. बोर्ड के कृत्य :

(1) बोर्ड, खंड 2 में उपवर्णित स्कीम के उद्देश्यों को को अग्रसर करने की दृष्टि से ऐसे उपाय कर सकेगा जो वह वांछनीय समझे, जिनके अन्तर्गत :—

(क) पत्तन से माल के शीघ्र अभिवहन को सुकर बनाने के प्रयोजन के लिए डाक श्रमिकों का पर्याप्त प्रदाय और उनका पूर्ण तथा समुचित उपयोग सुनिश्चित करने;

(ख) डाक कर्मकारों की भर्ती और स्कीम में उनके प्रवेश तथा सेवोन्मुक्ति को विनियमित करने और पूल में रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकारों का रजिस्ट्रीकृत नियोजकों को आबंटन करने,

(ग) प्रशासनिक निकाय से परामर्श करके समय-समय पर रजिस्टरों में रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकारों या अभिलेखों का अवधारण और पुनर्विलोकन करने और किसी ऐसे रजिस्टर या अभिलेख में संख्या में वृद्धि करने या कमी करने;

(घ) नियोजक रजिस्टरों को रखने, उनका समायोजन करने और बनाए रखने के उनमें किसी डाक नियोजक का नाम प्रविष्ट करने या पुनः प्रविष्ट करने और जहां परिस्थितियों से ऐसा अपेक्षित हो वहां, किसी भी रजिस्ट्रीकृत नियोजक का नाम रजिस्टर से या तो स्वयं उसके अनुरोध पर या स्कीम के उपबंधों के अनुसार हटाने;

(ङ) समय-समय पर रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकारों के ऐसे रजिस्टर या अभिलेख जो आवश्यक हो, जिनके अन्तर्गत ऐसे रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकारों के रजिस्टर या अभिलेख भी है, जो डाक कर्म के लिए अस्थायी रूप से उपलब्ध नहीं है और जिनका अनुपस्थिति प्रशासनिक निकाय द्वारा अनुमोदित की जा चुकी है, रखने, समायोजित करने और बनाए रखने के तथा जहां परिस्थितियों से ऐसा अपेक्षित हो वहाँ किसी भी रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकार का नाम या तो स्वयं उसके अनुरोध पर या स्कीम के उपबंधों के अनुसार किसी रजिस्टर या अभिलेख से हटाने;

(च) सभी रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकारों का ऐसे समूहों में, जो प्रशासनिक निकाय से परामर्श करने के पश्चात बोर्ड द्वारा अवधारित किए जाएं, समूहीकरण और प्रशासनिक निकाय परामर्श करने के डाक कर्मकार के आवेदन पर किसी रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकार के समूहीकरण का पुनर्विलोकन करने;

(छ) जहां तक कि ऐसा उपबंध स्कीम से अलग विद्यमान नहीं है, रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकारों के प्रशिक्षण और कल्याण के लिए जिसके अन्तर्गत चिकित्सीय सेवाएं भी हैं, उपबंध करना ;

(ज) स्कीम के व्यय के सम्बन्ध में रजिस्ट्रीकृत नियोजकों से अभिदायों के उद्ग्रहण और उनकी वसूली करने;

(झ) जहां तक कि ऐसा उपबन्ध स्कीम से अलग विद्यमान नहीं है उन स्थानों में जहां रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकार नियोजित है उनके स्वास्थ्य और सुरक्षा संबंधी उपायों के लिए उपबंध करने,

(ञ) डाक कर्मकार कल्याण निधि को बनाए रख; और उसका प्रबन्ध करने तथा सभी रजिस्ट्रीकृत नियोजकों से डाक कर्मकार कल्याण निधि के लिए अभिदायों की वसूली करने ;

(ट) रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकारों के लिए सृजित भविष्य निधि, उपदान निधि, स्वेच्छया सेवा-निवृत्ति निधि और किसी विनिर्दिष्ट प्रयोजन के लिए अन्य निधि या निधियों को बनाए रखने या उनका प्रबन्ध करने;

(ठ) धन उधार लेने या धन जुटाने और डिबेंचर या अन्य प्रतिभूतियां पुरोधृत करने और किसी ऋण या बाध्यता की प्रतिभूत करने के प्रयोजन के लिए, बोर्ड की समस्त सम्पत्ति या उसके किसी भाग को बंधक रखने या प्रभारित करने ;

के उपाय होंगे।

(2) बोर्ड की किसी भी स्रोत से होने वाली आय और उसकी सम्पत्ति का उपयोजन पूर्णतया स्कीम के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए ही किया जाएगा। उद्देश्यों के अन्तर्गत रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकारों के स्वास्थ्य सुरक्षा, प्रशिक्षण और कल्याण के उपाय भी है (जिनमें डाक कर्मकारों और बोर्ड के कर्मचारिवृन्द के अनन्य फायदे के लिए बनाई गई सहकारी सोसाइटियों को ऋण देने के रूप में या अन्यथा सहायता भी है) तथा उन आय और सम्पत्ति का कोई भी

भाग बोर्ड के सदस्यों को प्रत्यक्षतः या अप्रत्यक्षतः लाभांश बोनस या अन्यथा फायदे के रूप में संदत्त या अन्तरित नहीं किया जाएगा,

परन्तु इस उपखण्ड की कोई भी बात बोर्ड के किसी अधिकारी या सेवक को बोर्ड के लिए वस्तुतः की गई किसी सेवा के लिए युक्तियुक्त और उचित पारिश्रमिक और खर्च के संदाय में नहीं रोकेगी, न ही किसी सदस्य द्वारा बोर्ड को उधार दिए गए धन पर उचित दर से ब्याज के या पट्टे पर या किराए पर दिए परिसरों के लिए उचित और पर्याप्त किराए के संदाय में रोकेगी और न बोर्ड के कर्मचारिवृन्द के लिए कल्याणकारी उपायों पर, यदि कोई हों, व्यय में ही रोकेगी।

(3) बोर्ड स्कीम के कार्यान्वयन संबंधी खर्च और सभी प्राप्तियों तथा व्यय के समुचित लेखे रखवाएगा।

(4) बोर्ड,

(i) प्रत्येक वर्ष अप्रैल के प्रथम दिन के पश्चात यथाशक्य शीघ्र और इकत्तीस अक्तूबर के अपश्चात इकत्तीस मार्च को समाप्त होने वाले पूर्ववर्ती वर्ष के दौरान स्कीम के कार्यकरण के बारे में एक वार्षिक रिपोर्ट संपरीक्षित तुलनपत्र सहित; और

(ii) बोर्ड के अधिवेशन की कार्यवाहियों की प्रतियां, केन्द्रीय सरकार को भेजेगा।

7. अधिवेशनरत बोर्ड के उत्तरदायित्व और कर्तव्य :—अधिवेशनरत बोर्ड नीति सम्बन्धी सभी विषयों को निपटाने के लिए उत्तरदायी होगा और विशिष्टतया :

(क) किसी भी प्रवर्ग में विनिर्दिष्ट अवधि के लिए विनिर्दिष्ट संख्या तक कर्मकारों के अस्थायी रजिस्ट्रीकरण की मंजूरी दे सकेगा ;

(ख) अध्यक्ष की सिफारिश पर नए नियोजकों के रजिस्ट्रीकरण पर विचार कर सकेगा;

(ग) ऐसे प्ररूप अभिलेख, रजिस्टर, विवरण आदि विहित कर सकेगा जिनका रखा जाना स्कीम के अधीन अपेक्षित हो।

(घ) मजदूरी, भत्ते और सेवा की अन्य शर्तें अवधारित कर सकेगा तथा वार्षिक पुनर्विलोकन के पश्चात किसी भी मास के लिए प्रत्यावर्तन न्यूनतम मजदूरी पुनर्नियत कर सकेगा।

(ङ) खण्ड 51 (1) के अधीन उद्ग्रहण की दर नियत कर सकेगा;

(च) रजिस्ट्रीकृत नियोजकों द्वारा डाक कर्मकार कल्याण निधि में किए जाने वाले अभिदाय की दर नियत कर सकेगा;

(छ) खण्ड 35 के अधीन समितियां नियुक्त, उत्सादित या पुनर्गठित कर सकेगा

(ज) वार्षिक बजट मंजूर कर सकेगा :

(झ) कार्मिक अधिकारी नियुक्त कर सकेगा ;

(ञ) खण्ड 5 के उपबन्धों के अधीन रहते हुए पदों के सृजन की मंजूरी दे सकेगा;

(ट) इस स्कीम की अनुसूची 1 में परिवर्तनों के बारे में केन्द्रीय सरकार को सिफारिशें कर सकेगा;

(ठ) स्कीम में किन्हीं उपान्तरों के बारे में केन्द्रीय सरकार को सिफारिशें कर सकेगा;

(ड) उन विवादों को तय करने का प्रयास कर सकेगा जिनकी बाबत संबंधित पक्षकारों द्वारा केन्द्रीय सरकार को न्याय-निर्णयन के लिए निवेदन किया गया है और ऐसे प्रयासों के परिणामों की रिपोर्ट सरकार को कर सकेगा;

(ढ) श्रमिकों के काम की मात्रा और अपनी टीका-टिप्पणियां और निदेश अभिलिखित कर सकेगा;

(ण) ऐसे अनुसूचित बैंकों में, जिन्हें वह निर्दिष्ट करे, खाते खोलने की और ऐसे व्यक्तियों द्वारा, जिन्हें बोर्ड समय-समय पर निर्दिष्ट करे, ऐसे खातों को चालू रखने की मंजूरी दे सकेगा; और

(त) विनिर्दिष्ट प्रयोजनों के लिए निधि या निधियों की मंजूरी दे सकेगा और उन्हें सृजित कर सकेगा।

8. वार्षिक प्राक्कलन :—अध्यक्ष प्रत्येक वर्ष फरवरी के अन्त के पूर्व किए जाने वाले विशेष अधिवेशन में, इस स्कीम के खण्ड 11(झ) के अधीन आगामी अप्रैल के प्रथम दिन को प्रारम्भ होने वाले वर्ष के लिए, प्रशासनिक निकाय, से यथा प्राप्त वार्षिक बजट को ऐसे ब्यौरों सहित और ऐसे प्ररूप में जो बोर्ड समय-समय पर विहित करे, बोर्ड के समक्ष रखेगा। बोर्ड इस प्रकार उसे प्रस्तुत किए गए प्राक्कलन पर विचार करेगा, और उसके प्रस्तुत किए जाने के चार सप्ताह के भीतर उसे या तो अपरिवर्तित ही या ऐसे परिवर्तनों के अधीन रहते हुए जो वह ठीक समझे, मंजूर करेगा।

9. अध्यक्ष के उत्तरदायित्व और कर्तव्य :— (1) अध्यक्ष को स्कीम के दिन-प्रतिदिन के प्रशासन से संबंधित सभी विषयों तथा विशिष्टतया निम्नलिखित के संबंध में कार्यवाही करने के लिए पूर्ण प्रशासनिक और कार्यपालिक शक्तियां होंगी, अर्थात् :-

(क) यह सुनिश्चित करना कि कर्मकार रजिस्टरों के समायोजन की बाबत बोर्ड के विनिश्चयों को तत्परतापूर्वक कार्यान्वित किया जाता है ;

(ख) यह सुनिश्चित करना कि कर्मकारों के अस्थायी रजिस्ट्रीकरण के लिए मंजूरी को बिना किसी विलंब के कार्यान्वित किया जाता है ;

(ग) (i) प्रशासनिक निकाय के कार्य का पर्यवेक्षण और नियंत्रण करना;

(ii) यदि उसे किन्हीं अनियमितताओं का पता चले या उस की जानकारी में लाई जाए तो यथोचित कदम उठाना,

(घ) यह सुनिश्चित करना कि कर्मकारों के स्थानान्तरण और उनकी प्रोन्नति के बारे में स्कीम के उपबन्धों को, कार्यान्वित किया जाता है ;

(ङ) जब अपेक्षित हो चिकित्सा बोर्डों का गठन करना,

(च) यह सुनिश्चित करना कि नियोजकों के रजिस्ट्रीकरण के लिए स्कीम में अधिकथित शर्तों का पालन नियोजकों द्वारा किया जाता है ;

(छ) यह सुनिश्चित करना कि स्कीम के अधीन विहित सभी प्ररूप रजिस्टर, विवरणियां और दस्तावेज उचित रूप में बनाए रखे जाते हैं ;

(ज) यह सुनिश्चित करना कि श्रमिकों के काम की मात्रा और पोतों के आवागमन के बारे में यथोचित आकड़े संकलित किए जाते हैं और समुचित टिप्पणियों और स्पष्टीकरणों सहित प्रत्येक तिमाही बोर्ड के समक्ष पेश किए जाते है ;

(झ) (i) ऐसे पदों के सृजन की मंजूरी देना जिनका भत्तों को छोड़कर अधिकतम वेतन एक हजार छह सौ पचास रुपए प्रतिमास तक है;

(ii) ऐसे पदों पर नियुक्तियां करना जिसका अधिकतम वेतन भत्तों को छोड़कर एक हजार छह सौ पचास रुपए प्रतिमास है;

(ञ) इस स्कीम के उपबन्धों के अनुसार कर्मकारों और नियोजकों के विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही करना;

(ट) प्रति कर्मकार प्रति सप्ताह या प्रतिमाह पारियों की अधिक संख्या का शिथिलीकरण अनुज्ञात करना और बोर्ड को ऐसे मामलों की रिपोर्ट करना;

(ठ) इस बात की घोषणा करना कि धीरे काम करो नीति अपनाई गई है और स्कीम के अधीन प्राधिकृत रूप से कार्यवाही करना;

(ड) "आपातकालीन स्थिति" घोषित करना और स्कीम के अधीन प्राधिकृत रूप से कार्यवाही करना;

(ढ) जब आवश्यक हो केन्द्रीय सरकार को डाक कर्मकार (नियोजन का विनियमन) नियम, 1962 के नियम 5 के अधीन रिपोर्ट करना;

(ण) जैसा कि स्कीम में उपबन्धित है, नियोजक या कर्मकार के अनुरोध पर, किसी मासिक कर्मकार के रिजर्व पूल में स्थानान्तरण की मंजूरी देना;

(त) खण्ड 46 और 47 के अधीन कर्मकारों और नियोजकों की अपीलों पर कार्यवाही करना;

(थ) उपाध्यक्ष पद की एक मास से कम की अवधि के लिए अप्रत्याशित रिक्ति को भरना और उसके अनुमोदन के लिए केन्द्रीय सरकार को ऐसे मामले की रिपोर्ट करना; और

(द) विभिन्न प्रवर्गों के अधीन रजिस्ट्रीकृत किए जाने की संख्या नियत करना;

(ध) केन्द्रीय सरकार के पूर्व अनुमोदन से, रजिस्टर और प्रत्याशित रिक्तियों के आवधिक पुनर्विलोकन के पश्चात् समय-समय पर, जैसा आवश्यक हो, रजिस्टर में दर्ज किसी प्रवर्ग के कर्मकारों की संख्या बढ़ाना या घटाना;

(न) अनुशासनिक कार्यवाहियों के कारण किसी नियोजक को निलम्बित किए जाने या हटाए जाने पर, यदि आवश्यक पाया जाए तो नए नियोजकों के रजिस्ट्रीकरण पर विचार करना; और

(प) उन सभी अन्य कर्तव्यों और उत्तरदायित्वों का निर्वहन करना जो स्कीम के अधीन अध्यक्ष में विनिर्दिष्टतः निहित है ।

(2) अध्यक्ष उपखण्ड (1) के अधीन कृत्यों में से उन कृत्यों के सिवाय जो मद झ (i), झ(ii), (ठ), (ड), (ढ), (त), (थ), (द), (ध) (न) और (प) में वर्णित हैं, किन्ही कृत्यों को उपाध्यक्ष को लिखित रूप में प्रत्यायोजित कर सकेगा । किन्तु ऐसा प्रत्यायोजन अध्यक्ष को उसकी शक्तियों में विनिहित नहीं करेगा ।

10. उपाध्यक्ष के उत्तरादायित्व और कर्तव्य :—उपाध्यक्ष बोर्ड का पूर्ण कालिक अधिकारी होगा और अध्यक्ष की उसके कृत्यों के निर्वहन मे सहायता करेगा तथा विशिष्टता :—

(क) रजिस्ट्रीकृत नियोजकों और डाक कर्मकारों के विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही संबंधी ऐसे कृत्यों का निर्वहन करेगा जो खण्ड 43 के अधीन अनुज्ञात है;

(ख) ऐसे अन्य कृत्य करेगा जो उस अध्यक्ष द्वारा लिखित में प्रत्यायोजित किए जाते हैं;

(ग) बोर्ड की उस समिति के अध्यक्ष के रूप में कार्य करेगा ।

जिसमें वह सदस्य के रूप में नामनिर्दिष्ट किया जाए;

(घ) अध्यक्ष की अनुपस्थिति में बोर्ड के अधिवेशनों का सभापतित्व करेगा ; और

(ङ) उन पदों पर नियुक्तियां करेगा जिनका भत्तों को छोड़कर अधिकतम वेतन एक हजार दो सौ पचास रुपये प्रतिमास से अधिक नहीं है ।

11. प्रशासनिक निकाय के कृत्य बोर्ड अध्यक्ष और उपाध्यक्ष की शक्तियों और कृत्यों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना प्रशासनिक निकाय इस स्कीम के प्रशासन के लिए

उत्तरदायी होगा और विशिष्टतया निम्नलिखित के लिए उत्तरदायी होगा—

(क) नियोजक-रजिस्टर रखना, समायोजित करना और बनाए रखना, किसी डाक नियोजक के नाम की उनमें प्रविष्टि या पुनः प्रविष्टि करना और जहां परिस्थितियों से ऐसा अपेक्षित हो, किसी रजिस्ट्रीकृत नियोजक का नाम, या तो उसके अपने अनुरोध पर या स्कीम के उपबन्धों के अनुसार उस रजिस्टर से हटाना;

(ख) डाक कर्मकारों के ऐसे रजिस्टर या अभिलेख जो आवश्यक हों जिनके अन्तर्गत उन डाक कर्मकारों के रजिस्टर या अभिलेख भी है जो डाक कर्म के लिए अस्थायी तौर पर उपलभ्य नहीं है और जिनकी अनुपस्थिति प्रशासनिक निकाय द्वारा अनुमोदित की जा चुकी है, समय समय पर रखना, समायोजित करना और बनाए रखना तथा, जहां परिस्थितियों से ऐसे अपेक्षित हो, किसी रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकार का नाम या तो उसके अपने अनुरोध पर या स्कीम के उपबन्धों के अनुसार किसी रजिस्टर या अभिलेख से हटाना;

(ग) जब काम के लिए उपलभ्य रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकार स्कीम के अनुसार अन्यथा नियोजित नहीं है तब उनका नियोजन और नियंत्रण करना;

(घ) बोर्ड से प्राप्त अनुदेशों के अनुसार रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकारों का ऐसे समूहों में, जो बोर्ड द्वारा अवधारित किए जाएं समूहीकरण या पुनर्समूहीकरण करना;

(ङ) काम के लिए उपलभ्य पूलगत-रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकारों का रजिस्ट्रीकृत नियोजकों को आबंटन और इस प्रयोजन के लिए प्रशासनिक निकाय —

(i) नियोजक के अभिकर्ता के रूप में कार्य करता हुआ समझा जाएगा,

(ii) पूलगत-रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकारों का पूर्णतः संभव उपयोग करेगा,

(iii) हाजिरी केन्द्रों और नियंत्रण बिन्दुओं पर रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकारों की हाजिरी का अभिलेख रखेगा,

(iv) नियोजन और उपार्जन के अभिलेखों को रखने की व्यवस्था करेगा।

(v) खण्ड 29 (3) के अधीन चक्रानुक्रम से काम के आबंटन के अधीन रहते हुए खण्ड 19 के अनुसार कर्मकारों का आबंटन करेगा, और

(vi) जैसा कि खण्ड 27 में अधिकथित है, रिजर्व पूलगत कर्मकारों के हाजिरी कार्डों और मजदूरी पर्चियों में आवश्यक प्रविष्टियां करेगा;

(च) (i) उस उद्ग्रहण, डाक कर्मकार कल्याण-निधि के अभिदाय या किसी अन्य अभिदाय का जो स्कीम के अधीन विहित किया जाए, नियोजकों से संग्रहण,

(ii) भविष्य निधि, बीमा निधि या किसी अन्य ऐसी निधि में जो स्कीम के अधीन स्थापित की जाए, कर्मकारों के अभिदाय का संग्रहण;

(iii) रजिस्ट्रीकृत नियोजक के अभिकर्ता के रूप में, प्रत्येक दैनिक कर्मकार को नियोजक द्वारा उचित रूप में देय कुल उपार्जनों का संदाय और उन कर्मकारों को बोर्ड द्वारा इस स्कीम के उपबन्धों के अनुसार संदेय सभी रकमों का संदाय

(छ) बजट उपबंधों के अधीन रहते हुए अधिकारियों और सेवकों का समय समय पर, जो आवश्यक हों, नियुक्त करना:

परन्तु ऐसे पदों का सृजन, जिनका भत्तों को छोड़कर अधिकतम वेतन 1150 रुपये से अधिक है और ऐसे पदों पर व्यक्तियों की नियुक्ति खण्ड 6(i) और 9(ज)(i) के अधीन रहते हुए की जाएगी।

(ज) स्कीम को कार्यान्वित करने के खर्च और उसके अधीन सभी प्राप्तियों और व्यय के उचित लेखे रखना तथा वार्षिक रिपोर्ट और संपरीक्षित तुलनपत्र तैयार करना और उन्हें बोर्ड को पेश करना;

(झ) प्रतिवर्ष बजट बनाना, प्रत्येक वर्ष फरवरी के पन्द्रहवें दिन या उससे पहले उसे बोर्ड को पेश करना और बोर्ड से उसे अनुमोदित कराना;

(ञ) सभी रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकारों के सेवा अभिलेख रखना, और

(ट) ऐसे अन्य कृत्य जो, इस स्कीम के उपबन्धों के अधीन बोर्ड, अध्यक्ष या उपाध्यक्ष समय-समय पर उसे सौंपे जाएं।

12. श्रम अधिकारी—प्रशासनिक निकाय, उस दशा में जब उसमें डाक कर्मकारों के नियोजक हों, बोर्ड के अनुमोदन से एक श्रम अधिकारी या श्रम अधिकारियों की नियुक्ति करेगा। श्रम अधिकारी, प्रशासनिक निकाय के पर्यवेक्षण और नियंत्रण के अधीन, ऐसे कृत्यों का पालन करेगा जो उसे उस निकाय द्वारा सौंपे जाएं और जो स्कीम के उपबन्धों से संगत हों।

13. कार्मिक अधिकारी के कृत्य—कार्मिक अधिकारी साधारणतया उपाध्यक्ष की, उसके कर्तव्यों के निर्वहन में, सहायता करेगा और विशिष्टितया खंड 43 के अधीन उसमें निहित कृत्यों का पालन करेगा।

14. स्कीम के समुचित कार्यकरण के लिए केन्द्रीय सरकार द्वारा नियुक्त अधिकारी (1) खंड 4, 5, 11 और 13 के उपबन्धों के होते हुए भी, केन्द्रीय सरकार बोर्ड के अध्यक्ष से परामर्श करके, स्वविवेकानुसार एक या अधिक अधिकारी समय-समय पर नियुक्त कर सकेगी और ऐसे अधिकारी या अधिकारियों को ऐसे कृत्य सौंप सकेगी जो वह स्कीम के समुचित कार्यकरण के लिए ठीक समझे।

(2) उपखंड (1) के अधीन नियुक्त ऐसा या ऐसे अधिकारी अध्यक्ष के साधारण पर्यवेक्षण और नियंत्रण के अधीन होगा/होंगे और उसे/उन्हें बोर्ड की निधि से संदाय किया जाएगा। ऐसा अधिकारी या ऐसे अधिकारी ऐसी अवधि पर्यन्त और ऐसे निबन्धों और शर्तों पर पद धारण करेगा/करेंगे जो केन्द्रीय सरकार अवधारित करे।

15. रजिस्टरों आदि का बनाए रखा जाना (1) नियोजक-रजिस्टर (क) नियोजकों का एक रजिस्टर होगा।

(ख) जहां तक इस स्कीम का निकासी और अग्रेषण कर्मकारों को लागू होने का संबंध है, ऐसा नियोजक जो स्कीम के प्रारंभ की तारीख को मुम्बई अरजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकार (नियोजन का विनियमन) स्कीम, 1973 के अधीन सूचीबद्ध है, और जिसके पास सीमा शुल्क कलक्टर द्वारा उस तारीख को जारी की गई सीमाशुल्क गृह अभिकर्ता अनुज्ञप्ति हो, उसे इस स्कीम के अधीन रजिस्ट्रीकृत समझा जाएगा।

(ग) मद (ख) के अधीन रजिस्ट्रीकृत समझे गए व्यक्तियों से भिन्न व्यक्तियों को तब तक नियोजकों के रूप में रजिस्ट्रीकृत नहीं किया जाएगा जब तक कि बोर्ड ऐसा करना समीचीन और आवश्यक न समझे।

(घ) बोर्ड, ऐसी शर्तों के अधीन जिन्हें वह केन्द्रीय सरकार के पूर्वानुमोदन से इस निमित्त विनिर्दिष्ट करे, मद (ख) और (ग) के अधीन रजिस्ट्रीकृत व्यक्तियों को एक या अधिक समूह बनाने की अनुज्ञा दे सकेगा और इस प्रकार बनाया गया प्रत्येक समूह, मासिक कर्मकारों के नियोजन के लिए एक ही नियोजक माना जाएगा;

परन्तु बोर्ड को केन्द्रीय सरकार के पूर्वानुमोदन से विनिर्दिष्ट शर्तों में ऐसे परिवर्तन या उपान्तर करने की शक्ति होगी जिन्हें वह समय-समय पर आवश्यक समझे

परन्तु यह और कि बोर्ड नियोजकों के किसी समूह को दी गई अनुज्ञा उस तारीख से जो वह विनिर्दिष्ट करे प्रतिसंहृत कर सकेगा यदि नियोजकों के समूह को उस प्रस्थापना के विरुद्ध हेतुक दर्शित करने का अवसर देने के पश्चात् और उसके अभ्यावेदन पर यदि कोई हो विचार करने के पश्चात् बोर्ड का यह समाधान हो जाता है कि नियोजकों का समूह बनाने के लिए विनिर्दिष्ट शर्तों के पालन में नियोजकों का समूह भागतः या पूर्णतः असफल रहा है और तदुपरि उक्त समूह ऐसी तारीख से विघटित हो जाएगा।

(2) कर्मकार-रजिस्टर—;

कर्मकारों के रजिस्टर यथा निम्नलिखित होंगे :—

(1) मासिक रजिस्टर— ऐसे कर्मकारों का रजिस्टर जो प्रत्येक रजिस्ट्रीकृत नियोजक द्वारा मासिक आधार पर ठेके पर नियोजित किये जाते हैं और जो मासिक कर्मकारों के रूप में जाने जाते हैं;

(2) पूल रजिस्टर; उन मासिक रजिस्टरगत कर्मकारों से भिन्न कर्मकारों का रजिस्टर जो पूलगत कर्मकारों के रूप मे जाने जाते है।

16. रजिस्टरगत कर्मकारों का वर्गीकरण—(1)—बोर्ड रजिस्टरगत कर्मकारों के प्रवर्गानुसार वर्गीकरण की व्यवस्था करेगा।

(2) स्कीम के अधीन रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकार निम्नलिखित रूप से वर्गीकृत किए जाएंगे :—

(क) मुकद्दम

(ख) निकासी और अग्रेषण मजदूर।

(3) (क) अध्यक्ष को किसी प्रवर्ग के अधिशेष कर्मकारों को किसी अन्य प्रवर्ग के अधीन जिसमें कर्मकारों की कमी हो मुम्बई डाक कर्मकार (नियोजन का विनियमन) स्कीम, 1956 या मुम्बई खाद्यान्न उठाई-धराई कर्मकार (नियोजन का विनियमन) स्कीम, 1973 के अन्तर्गत आने वाले कर्मकार प्रवर्गों में से किसी के अधीन इस शर्त के अधीन रहते हुए, अभिनियोजित करने की शक्ति होगी कि ऐसे अभिनियोजन से पूर्व सेवा से प्राप्त मजदूरी में कमी या प्रसुविधा का नुकसान न हो।

टिप्पण : यदि ऐसे प्रवर्ग या स्कीम जिसमें कमी है निम्नतर मजदूरी या प्रसुविधा वाला है तो अन्तरण ज्येष्ठता के आधार पर होगा, कनिष्ठतम व्यक्तियों को अन्तरित किया जाएगा और उनके द्वारा उपयुक्त मजदूरियों और प्रसुविधाओं को इस प्रकार संरक्षित किया जाएगा मानो वे उनकी व्यक्तिगत मजदूरी और प्रसुविधाएं है।

(ख) अध्यक्ष को बोर्ड के अनुमोदन से इस स्कीम में किसी अधिशेष कर्मकार को मुम्बई पत्तन न्यास के अधीन नियोजित समुद्र तट कर्मकारों के सुसंगत प्रवर्गों के जिसमें कमी है, कृत्यों का पालन करने के लिए इस शर्त के अधीन रहते हुए अभिनियोजित करने की शक्ति होगी कि ऐसे अभिनियोजन से पूर्व सेवा से प्राप्त मजदूरी में कमी न हो या प्रसुविधा का नुकसान नहीं हो।

17. रजिस्टरगत कर्मकारों की संख्या का नियतन–

(1) (क) अध्यक्ष, प्रशासनिक निकाय से परामर्श और केन्द्रीय सरकार के पूर्व अनुमोदन से, किसी प्रवर्ग में रजिस्ट्रीकरण करने से पूर्व उस प्रवर्ग में कर्मकारों की अपेक्षित संख्या अवधारित करेगा ।

(ख) अध्यक्ष प्रत्येक प्रवर्ग में अपेक्षित कर्मकारों की संख्या का आवधिक पुनर्विलोकन करेगा और ऐसी संख्या का समायोजन करने के लिए केन्द्रीय सरकार के पूर्व अनुमोदन से समुचित कार्रवाई करेगा।

(2) अध्यक्ष प्रशासनिक निकाय से परामर्श करके और केन्द्रीय सरकार के अनुमोदन के अधीन रहते हुए, प्रत्येक प्रवर्ग के लिए अपेक्षित कर्मकारों की संख्या कालिक रूप से अवधारित करेगा और तदनुसार कर्मकारों के रजिस्टरों का समायोजन करने की व्यवस्था करेगा ।

(3) कोई रजिस्ट्रीकृत नियोजक या नियोजकों का समूह ऐसी शर्तों के अधीन रहते हुए, जो बोर्ड द्वारा इस निमित्त विनिर्दिष्ट की जाए, पूल से कर्मकारों का चयन करके मासिक रजिस्टरगत कर्मकारों की संख्या बढ़ा सकेगा ।

18. विद्यमान और नए कर्मकारों का रजिस्ट्रीकरण–

(1) (क) कोई डाक कर्मकार, जो स्कीम के प्रारम्भ की तारीख को, मुम्बई अरजिस्ट्रीकृत डाक निकासी और अग्रेषण कर्मकार (नियोजन का विनियमन) स्कीम, 1973 के अधीन पहले से ही सूचीबद्ध है इस स्कीम के अधीन रजिस्ट्रीकृत किया गया समझा जाएगा :—

(ख) नए रजिस्ट्रीकरण के लिए अर्हता वह होगी जो स्थानीय परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए, बोर्ड द्वारा विनिर्दिष्ट की जाए किन्तु आयु 40 वर्ष से अधिक नहीं होगी केवल भारतीय राष्ट्रिक हो, जो शारीरिक रूप से स्वस्थ, समर्थ हों और अनुभव रखते हों, रजिस्ट्रीकरण के पात्र होंगे ।

परन्तु भूतपूर्व सैनिक कार्मिकों के मामले में आयु सीमा डाक श्रम बोर्ड द्वारा शिथिल करके 45 वर्ष की जा सकेगी ।

(2) बोर्ड, ऐसी अवधि के लिए और सेवा के ऐसे निबन्धनों और शर्तों पर जो बोर्ड विनिर्दिष्ट करे कर्मकारों के अस्थायी रूप से रजिस्ट्रीकरण की समय-समय पर अनुज्ञा दे सकेगा ।

परन्तु अस्थायी रूप से रजिस्ट्रीकृत कर्मकार खंड 31 के अधीन उपस्थिति भत्ते के हकदार होंगे और उनकी वही बाध्यताएं होंगी जो पत्तन रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकारों की है।

(3) ऐसे किसी भी प्रवर्ग में जिसमें डाक कर्मकार पहले से ही स्कीम के अधीन रजिस्ट्रीकृत किए जा चुके है कोई भी नई भर्ती चाहे वह अस्थाई आधार पर हो या स्थायी आधार पर स्थानीय रोजगार कार्यालय से रजस्ट्रीकृत कर्मकारों में से ही जाएगी । फिर भी, यदि मुम्बई पत्तन न्यास के द्वारा नियोजित कर्मकारों के किसी वर्ग में अधिशेष रहता है तो ऐसे अधिशेष कर्मकारों को अन्तरित किया जा सकेगा और इस स्कीम के अधीन रजिस्ट्रीकृत किया जा सकेगा । यदि अन्तरण के पश्चात् अध्यपेक्षा किए जाने के दिन रोजगार कार्यालय के रजिस्टर में उपलब्ध उपयुक्त व्यक्तियों की संख्या से अधिक व्यक्तियों की आवश्यकता है तो रोजगार कार्यालय से उपयुक्त व्यक्तियों को आमंत्रित करने के पश्चात् ही सीधी भर्ती की जा सकेगी ।

(4) उपखंड (1) की मद (ख) के अधीन रजिस्ट्रीकृत नए कर्मकार रजिस्टरों में स्थायी आधार पर दर्ज किए जाने से पूर्व एक वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा पर होंगे

(5) इस स्कीम के किसी अन्य उपबन्ध के होते हुए भी जहां बोर्ड की यह राय है कि किसी डाक कर्मकार ने अपने आवेदन में मिथ्या जानकारी देकर या उसमें अपेक्षित कोई जानकारी न देकर रजिस्ट्रीकरण प्राप्त कर लिया है या जहां यह प्रतीत होता है कि कोई कर्मकार अनुचित या गलत रूप से रजिस्ट्रीकृत किया गया है, वहां अधिवेशनरत बोर्ड उसका नाम रजिस्टरों से हटाए जाने का निदेश दे सकेगा :

परन्तु बोर्ड ऐसा कोई निदेश देने से पूर्व उसे यह हेतुक दर्शित करने का अवसर देगा कि प्रस्थापित निदेश क्यों न जारी किया जाए ।

(6) उन अन्य प्रवर्गों के रजिस्ट्रीकरण के बारे में जो स्कीम के प्रारम्भ के पश्चात् अनुसूची I में सम्मिलित किए जाए निम्नलिखित सिद्धान्त लागू होंगे, अर्थात् :—

(क) पूर्वानुमानित आवश्यकताओं के आधार पर अनन्तिम रजिस्ट्रीकरण किया जाएगा और केवल यह तथ्य कि कोई कर्मकार पहले से ही पत्तन में काम कर रहा है, उसे ही रजिस्ट्रीकरण का हकदार नहीं बनाएगा ,

(ख) अनन्तिम रजिस्ट्रीकरण पूरा हो जाने के पश्चात् उस प्रक्रम पर स्कीम के अधीन रजिस्ट्रीकृत कर्मकारों को प्रोद्भूत मजदूरी से भिन्न कोई वित्तीय फायदा अनुज्ञात किए बिना चक्रानुक्रम से बुकिंग प्रारम्भ कर दी जाएगी ।

(ग) आवश्यकता का पुनर्निर्धारण, अनन्तिम रूप से रजिस्ट्रीकृत कर्मकारों द्वारा प्राप्त वास्तविक नियोजन को दृष्टि में रखते हुए छह मास के पश्चात किया जाएगा और तब अनन्तिम रजिस्ट्रीकरण का तदनुसार समायोजन किया जाएगा। खंड 31 के अधीन उपस्थिति भत्ते का संदाय केवल उस समय से प्रारम्भ होगा ।

(घ) इन शर्तों के अधीन कार्यकरण की परीक्षा, चक्रानुक्रमी बुकिंग के प्रारम्भ के एक वर्ष पश्चात् उन दिनों की संख्या नियत करने के विचार से की जाएगी जिनके लिए खण्ड 30 के अधीन प्रत्याभूत न्यूनतम मजदूरी दी जानी चाहिए। तब से आगे के लिए कर्मकार स्कीम के अधीन सभी फायदों के हकदार होंगे।

(ङ) किसी एक मास में उन दिनों की न्यूनतम संख्या के लिए जिनके लिए पहले रजिस्ट्रीकृत प्रवर्गों के कर्मकारों के लिए खण्ड 30 के अधीन मजदूरी प्रत्याभूत की गई है, उन प्रवर्गों के कर्मकारों द्वारा स्वतः दावा नहीं किया जाएगा जो स्कीम के प्रवर्तन की तारीख के पश्चात् रजिस्ट्रीकृत किए जाते हैं।

उपर्युक्त मद (घ) में यथा अवधारित ऐसे दिनों की न्यूनतम संख्या भिन्न भिन्न प्रवर्गों के लिए भिन्न-भिन्न हो सकेगी

(च) स्कीम के प्रवर्तन के पश्चात् रजिस्ट्रीकृत किए जाने वाले प्रवर्गों के कर्मकारों की मजदूरी वह होगी, जो बोर्ड द्वारा समय समय पर नियत की जाए।

19. कर्मकारों की निवर्तन आयु, प्रोन्नति और अन्तरण.

(1) स्कीम के अधीन किसी कर्मकार की निवर्तन आयु 58 वर्ष होगी।

(2) मासिक कर्मकारों के प्रवर्गों में आकस्मिक रिक्ति से भिन्न कोई रिक्ति केवल पूल में से उसी प्रवर्ग के किसी ऐसे डाक कर्मकार की प्रोन्नति और अन्तरण द्वारा भरी जाएगी, जिसका चयन रजिस्ट्रीकृत नियोजक या नियोजकों के समूह द्वारा किया जा सकेगा।

स्पष्टीकरण—प्रोन्नति की कसौटी सामान्यतः निम्नलिखित होगी :—

(क) ज्येष्ठता।

(ख) जिस प्रवर्ग में प्रोन्नति की जानी है उसमें काम के लिए गुण और योग्यता, और

(ग) पिछली सेवाओं का अभिलेख।

टिप्पण— उसी प्रवर्ग में पूल रजिस्टर से मासिक रजिस्टर में या विपरीत ढंग से स्थानान्तरण प्रोन्नति नहीं समझा जाएगा।

(3) अध्यक्ष या उपाध्यक्ष, पर्याप्त और विधिमान्य कारणों से, यथास्थिति, नियोजक या कर्मकार के लिखित अनुरोध पर किसी मासिक कर्मकार का पूल में अन्तरण, ऐसे स्थानान्तरण के कारणों को पूर्णतया स्पष्ट करते हुए, अनुज्ञात कर सकेगा। परन्तु किसी मासिक कर्मकार का पूल में ऐसे स्थानान्तरण इस बात के अधीन रहते हुए होगा कि मासिक कर्मकार और उसके नियोजक के बीच नियोजन की समाप्ति की बाबत अस्तित्वशील संविदा का पालन हो गया हो। कोई भी अन्तरण अध्यक्ष या उपाध्यक्ष के पूर्व अनुमोदन के बिना नहीं किया जाएगा।

(4) यदि कोई मासिक कर्मकार, उपखण्ड (3) के अधीन पूल में अन्तरित या नियोजित किया जाता है तो, उसकी पूर्व सेवाओं की गणना पूल के सभी फायदों के लिए की जाएगी और नियोजक कर्मकार को पूर्व सेवा के संबंध में उसे आदत्त सभी फायदों बोर्ड को ऐसे अन्तरित करेगा मानो उस सेवा का अन्तरण ही नहीं किया गया था। नियोजक, विशेष रूप से कोई ऐसी रकम का अभिदाय करेगा जो कर्मकार को उस छुट्टी, भविष्य निधि और उपदान की बाबत ऐसे अन्तरण की तारीख को शोध्य हो।

20. स्वास्थ्य परीक्षा:—(1) रजिस्ट्रीकरण से पूर्व नए कर्मकार की शारीरिक योग्यता की जांच के लिए निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षा अध्यक्ष द्वारा इस प्रयोजन के लिए नामनिर्दिष्ट एक चिकित्सक अधिकारी द्वारा की जाएगी। वह कर्मकार, जिसे चिकित्सक अधिकारी स्वास्थ्य की दृष्टि से अयोग्य पाए, चिकित्सा बोर्ड द्वारा परीक्षा के लिए अध्यक्ष को लिखित आवेदन कर सकेगा। चिकित्सा बोर्ड का विनिश्चय अन्तिम होगा और वह कर्मकार जो स्वास्थ्य की दृष्टि से अयोग्य है रजिस्ट्रीकरण का हकदार नहीं होगा।

(2) यदि प्रशासनिक निकाय ऐसा आवश्यक समझे तो कर्मकार की स्वास्थ्य परीक्षा अध्यक्ष द्वारा गठित किए जाने वाले चिकित्सा बोर्ड द्वारा निःशुल्क की जाएगी। चिकित्सा बोर्ड का विनिश्चय अन्तिम होगा। यदि कोई कर्मकार चिकित्सा बोर्ड द्वारा स्थायी रूप से अयोग्य पाया जाता है तो अध्यक्ष उसकी सेवाएं तुरन्त समाप्त कर देगा।

21. प्रशिक्षण के लिए सुविधाएं—बोर्ड, डाक कर्मकारों के प्रशिक्षण के लिए ऐसी व्यवस्थाएं करेगा जो वह आवश्यक समझे।

22. रजिस्ट्रीकरण फीस-स्कीम अधीन रजिस्ट्रीकरण के समय प्रत्येक कर्मकार द्वारा बोर्ड को दो रुपए की रजिस्ट्रीकरण फीस संदेय होगा।

23. कार्डों का प्रदाय.—(1) प्रत्येक रजिस्ट्रीकृत कर्मकार को बोर्ड द्वारा विनिर्दिष्ट प्ररूप में पहचान पत्र, उपस्थिति पत्र और मजदूरी पर्ची को निःशुल्क प्रदाय किया जाएगा।

(2) कार्ड खो जाने की दशा में एक नया कार्ड जारी किया जाएगा किन्तु उसका खर्च जो बोर्ड द्वारा नियत किया जाएगा, संबंधित कर्मकार द्वारा संदेय होगा।

24. रजिस्ट्रीकृत कर्मकारों के लिए सेवा अभिलेख-प्रशासनिक निकाय प्रत्येक मासिक और दैनिक और कर्मकार के संबंध में बोर्ड द्वारा विनिर्दिष्ट किए जाने वाले प्ररूप में एक "सेवा अभिलेख" रखेगा जिनमें अन्य बातों के साथ-साथ कर्मकार के विरुद्ध की गई अनुशासनिक कार्रवाई, प्रोन्नति और अच्छे काम के लिए प्रशंसाओं का भी पूरा अभिलेख और अन्य बातें होंगी। मासिक कर्मकारों के संबंध में ऐसे ब्यौरे का प्रदाय प्रशासनिक निकाय को रजिस्ट्रीकृत नियोजकों द्वारा किया जाएगा।

25. रजिस्ट्रीकृत नियोजकों के लिए अभिलेख पत्र कार्मिक अधिकारी प्रत्येक रजिस्ट्रीकृत नियोजक के संबंध में बोर्ड द्वारा विनिर्दिष्ट किए जाने वाले प्ररूप में एक "अभिलेख पत्र" रखेगा जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ रजिस्ट्रीकृत नियोजक के विरुद्ध की गई अनुशासनिक कार्रवाईयों का पूरा अभिलेख होगा।

26. पहचान पत्रों का अभ्यर्पण :—निम्नलिखित परिस्थितियों में कर्मकार का पहचान पत्र प्रशासनिक निकाय को अभ्यर्पित कर दिया जाएगा, अर्थात् :—

(क) जब वह तीन या अधिक दिन के लिए छुट्टी पर जा रहा हो।

(ख) जब वह सेवा निवृत हो रहा हो;

(ग) जब उसे सेवा से पदच्युत या मुक्त कर दिया जाए ;

(घ) जब उसे अस्थायी तौर पर निलम्बित कर दिया जाए; या

(ङ) उसकी मृत्यु पर :

परन्तु मासिक कर्मकार का नियोजक भी मद (क) से (ङ) में विनिर्दिष्ट परिस्थितियों में कर्मकार का पत्र प्रशासनिक निकाय को अभ्यर्पित कर देगा ।

27. उपस्थिति पत्र और मजदूरी स्लिप में प्रविष्टियां :— (1) पूलगत रजिस्ट्री डाक कर्मकार उस समय जब उसका रजिस्ट्रीकृत नियोजक को काम के लिए आबंटन कर दिया जाता है अपना उपस्थिति पत्र और मजदूरी स्लिप प्रशासनिक निकाय को सौंप देगा । रजिस्ट्रीकृत नियोजक उपस्थिति पत्र और मजदूरी स्लिप में कर्मकार द्वारा किए गए काम की अवधि की बाबत आवश्यक प्रविष्टियां करेगा और उन्हें उसको उसके काम की समाप्ति में के पूर्व लौटा देगा । प्रशासनिक निकाय यथा शीघ्र संभव, काम के प्रत्येक दिन के लिए कर्मकार द्वारा उपार्जित मजदूरी दर्शित करने वाली एक मजदूरी स्लिप का प्रदाय करेगा ।

28. कर्मकारों का नियोजन:—(1) किसी रजिस्ट्रीकृत नियोजक या नियोजकों के समूह से संलग्न किसी विशिष्ट प्रवर्ग का मासिक कर्मकार पूलगत उसी प्रवर्ग के किसी कर्मकार पर अधिमानी देकर उसी नियोजक या नियोजकों के समूह द्वारा उसी प्रवर्ग में काम के लिए नियोजित किए जाने का हकदार होगा ।

(2) यदि किसी विशिष्ट प्रवर्ग में मासिक रजिस्टरगत कर्मकारों की संख्या उपलभ्य काम के लिए पर्याप्त नहीं है तो उस प्रवर्ग में पूल रजिस्टरगत कर्मकारों को नियोजित किया जाएगा ।

(3) एक नियोजक या नियोजकों के समूह के मासिक कर्मकार को दूसरे नियोजक या नियोजकों के समूह द्वारा, अध्यक्ष या उपाध्यक्ष के पूर्वानुमोदन से ही नियोजित किया जाएगा अन्यथा नहीं ।

29. पारियों में नियोजन—(1) डाक कर्मकारों का नियोजन पारियों में किया जाएगा ।

(2) (क) सामान्यतः किसी डाक कर्मकार को दो उत्तरवर्ती दिनों में से प्रत्येक दिन दो कर्मवर्ती पारियों में नियोजित नहीं किया जाएगा किसी भी दशा में किसी डाक कर्मकार को तीन कर्मवर्ती पारियों में नियोजित नहीं किया जाएगा।

(ख) पूलगत या मासिक रजिस्टरगत डाक कर्मकार को एक सप्ताह में 9 पारियों से या एक मास में 33 पारियों से अधिक में नियोजित नहीं किया जाएगा ।

(ग) विशेष परिस्थितियों में अध्यक्षमद (ख) के अधीन निबंधनों को, आवश्यक विस्तार तक अस्थायी रूप से, शिथिल कर सकेगा ।

(3) पूल-रजिस्टरगत प्रत्येक वर्ग के कर्मकारों को चक्रानुक्रम से काम आबंटित किया जाएगा ।

(4) जहां काम गैंग द्वारा किया जाता है, वहां कर्मकारों का आबंटन चक्रानुक्रम से गैंग द्वारा किया जाएगा ।

30. प्रत्याभूत न्यूनतम मासिक मजदूरी (1) पूल-रजिस्टरगत किसी कर्मकारों को, ऐसी मजदूरी-दर पर जो बोर्ड द्वारा यथाविनिर्दिष्ट मंहगाई भत्ते सहित एक मास में कम से कम बारह दिन के लिए उस प्रवर्ग के लिए समुचित हो, जिसका वह स्थायी रूप से है, मजदूरी का संदाय किया जाएगा भले ही उस एक मास में न्यूनतम बारह दिनों तक उससे कोई काम न कराया गया है ।

उपरिवर्णित बारह दिनों में उन दिनों की गणना की जाएगी जिन दिनों में कर्मकार को काम आबंटित किया जाता है । एक मास में न्यूनतम प्रत्याभूत मजदूरी —

(क) इस शर्त के अधीन रहते हुए कि कर्मकार प्रशासनिक निकाय के निदेशानुसार मास के सभी दिनों में काम के लिए उपस्थित रहा या उतने दिन के लिए होगी जितने दिन के के लिए मजदूरी प्रत्याभूत की गई है ।

(ख) उतने दिनों के अनुपात में होगी जितने दिन कर्मकार काम के लिए उपस्थित था परन्तु यह तब जब कि मास के शेष सभी दिनों के लिए उसे उपस्थिति से छूट दे दी गई थी ।

(2) उपखंड (1) के उपबंधों के अधीन रहते हुए एक मास में ऐसे न्यूनतम दिनों की संख्या जिनके लिए प्रत्याभूत की जानी है, बोर्ड द्वारा पूलगत कर्मकारों द्वारा निकासी और अप्रेषण कर्मकार के निम्नतम प्रवर्ग में पूर्ववर्ती वर्ष के दौरान प्राप्त मासिक औसत नियोजन के आधार पर अधिकतम या इकतीस दिनों के अधीन रहते हुए प्रत्येक वर्ष के लिए नियत की जा सकेगी ।

टिप्पण :—औसत नियोजन के निर्धारण की पद्धति इस स्कीम की अनुसूची 2 में दी गई है ।

(3) ऐसे न्यूनतम दिनों की संख्या, जिनके लिए, उपखंड (1) और (2) के अधीन रहते हुए मजदूरी प्रत्याभूत की जाएगी उन नए प्रवर्गों के कर्मकारों को, जो स्कीम के प्रवर्तन की तारीख के पश्चात् रजिस्ट्रीकृत किए जाए, स्वतः लागू नहीं होगी । ऐसे न्यूतनम दिनों की संख्या जिनके लिए मजदूरी प्रत्याभूत की जाएगी, खंड 18 (6) (ङ) के अधीन अवधारित की जाएगी । उपखंड (2) के यथा अधीन न्यूनतम दिनों की संख्या का वार्षिक पुनर्नियतन उनके मामले में भी स्वतंत्र रूप से किया जाएगा ।

स्पष्टीकरण :

इस खंड के प्रयोजन के लिए-

(क) "दिन" से 24 घंटे का एक दिन अभिप्रेत है :

(ख) "मास" में साप्ताहिक अवकाश दिन सम्मिलित नहीं होंगे

31. उपस्थिति भत्ता स्कीम के अन्य उपबंधों के अधीन रहते हुए पूल रजिस्टरगत उस कर्मकार को, जो काम के लिए उपलब्ध है किन्तु जिसे कोई काम उपलब्ध न कराया जाए उन दिनों के लिए जब किसी कैलेण्डर मास के दौरान वह प्रशासनिक निकाय के निदेशानुसार काम के लिए उपस्थित हुआ था और उसे कोई काम उपलब्ध नहीं कराया गया था दैनिक मजदूरी के आधे की दर से उपस्थिति भत्ता दिया जाएगा :

परन्तु यह कि ऐसे किसी दिन के लिए कोई उपस्थिति भत्ता सदेय नहीं होगा, जिस दिन के लिए खंड 30 के अधीन या अन्यथा या खंड 33 के अधीन मंहगाई तथा अन्य भत्तों सहित, पूरी मजदूरी का संदाय किया जा चुका है।

32. एक पारी के लिए नियोजन—(1) पूल में किसी कर्मकार को एक पारी से कम की अवधि के लिए नियोजित नहीं किया जाएगा और जहां वह काम जिसके लिए कर्मकार को नियोजित किया गया है पारी की अवधि के भीतर ही पूरा कर दिया जाता है तो वह कर्मकार पारी की शेष अवधि के लिए ऐसा अन्य काम करेगा जिसकी उसी नियोजक या नियोजकों के समूह द्वारा अपेक्षा की जाए और यदि उसके लिए कोई अन्य काम उपलब्ध नहीं कराया जाता है तो उसे पूरी पारी की मजदूरी दी जाएगी :

परन्तु यदि उसे रजिस्ट्रीकृत नियोजकों और रजिस्ट्रीकृत डॉक कर्मकारों के बीच किए गए किसी करार के अधीन या बोर्ड के किसी विनिश्चय के अधीन मात्रानुपाती दर से मजदूरी या प्रोत्साहन मजदूरी का संदाय किया जाता है तो उसे उसमें अधिकथित दरों से मजदूरी दी जाएगी ।

33. उस दशा में मजदूरी का संदाय जब काम पर लगाए जाने के पश्चात् काम उपलब्ध नहीं कराया जाता है—जब रिजर्व पूल का कोई कर्मकार काम पर उपस्थित होता है और किसी कारणवश वह काम जिसके लिए वह उपस्थित हुआ है, आरम्भ नहीं हो सकता है या आगे नहीं चल सकता है और नहीं उसे कोई वैकल्पिक काम दिया जा सकता है तो वह कर्मकार उस प्रवर्ग के लिए, जिसका वह है समुचित दर पर, सभी भत्तों सहित दैनिक मजदूरी का हकदार होगा परन्तु यह तब जब वह पारी की शेष पूरी अवधि के लिए उपलब्ध रहता है और ऐसा वैकल्पिक नियोजन जो प्रशासनिक निकाय द्वारा उसे दिया जाए, स्वीकार करता है।

परन्तु किसी ऐसे कर्मकार की दशा में, जो मात्रानुपाती दर से मजदूरी पद्धति के अधीन है इस खंड के अधीन उसे शोध्य संदाय को यदि कोई है, उसी अवधि की बाबत किए खाली समय के संदाय की रकम से कम कर दिया जाएगा ।

34. अवकाश दिन—प्रत्येक डाक कर्मकार एक वर्ष में उतने सवैतनिक अवकाश दिनों का और ऐसी दरों पर जो बोर्ड द्वारा खंड 40 के अधीन विनिर्दिष्ट की जाएं, हकदार होगा। इस खंड के अधीन किया गया कोई संदाय खंड 30 के अधीन संगणित संदाय के अतिरिक्त होगा ।

35. समितियां—बोर्ड एक या अधिक समितियां नियुक्त कर सकेगा जिन्हें वह स्कीम के उपबन्धों के अनुपालन को सुकर बनाने के लिए अपने ऐसे कृत्य जो वह आवश्यक समझे, सौंप सकेगा तथा जैसा वह आवश्यक समझे, उन्हें उत्साहित या पुनर्गठित कर सकेगा । ऐसे व्यक्ति को बोर्ड के सदस्य नहीं है, यदि आवश्यक हो तो, किसी समिति के सहयोजित सदस्यों के रूप में नामनिर्दिष्ट किए जा सकेंगे, किन्तु ऐसे सहयोजित सदस्यों को मतदान का कोई अधिकार न होगा ।

36. रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकारों की बाध्यताएं —(1) प्रत्येक रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकार के बारे में यह समझा जाएगा कि उसने स्कीम की बाध्यताओं को स्वीकार कर लिया है।

(2) रिजर्व पूल में कोई रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकार जो काम के लिए उपलब्ध है, बोर्ड के नियोजन में समझा जाएगा।

(3) पूलगत कोई रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकार, जो काम के लिए उपलब्ध है, तब तक स्वयं को किसी रजिस्ट्रीकृत नियोजक के अधीन नियोजन में नहीं लगाएगा जब तक कि उसे प्रशासनिक निकाय द्वारा उस नियोजक को आवंटित नहीं किया जाता है ।

(4) पूल में कोई रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकार, जो काम के लिए उपलब्ध है प्रशासनिक निकाय के निदेशों का पालन करेगा, और—

(क) ऐसे हाजिरी केन्द्रों या नियंत्रण बिन्दुओं पर और ऐसे समयों पर जो प्रशासनिक निकाय द्वारा विनिर्दिष्ट किए जाएं, उपस्थित होगा और यदि प्रशासनिक निकाय इस आशय का अनुदेश दे तो, ऐसे प्रतिधारण भत्ते के संदाय पर जो बोर्ड द्वारा विनिर्दिष्ट किया जाए, पारी की पूर्ण अवधि पर्यन्त ऐसे हाजिरी केन्द्रों या नियंत्रण बिन्दुओं पर रहेगा;

(ख) डॉक कर्म से संबंधित किसी भी नियोजन को स्वीकार करेगा, चाहे वह उसी प्रवर्ग का हो जिसमें रजिस्ट्रीकृत किया गया है या किसी अन्य प्रवर्ग का जिसके लिए प्रशासनिक निकाय उसे स्थायी या अस्थायी रूप से उपयुक्त समझे।

(5) जब प्रशासनिक निकाय किसी रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकार को जो काम के लिए उपलब्ध है, किसी रजिस्ट्रीकृत नियोजक के अधीन नियोजन के लिए आवंटित कर दे तब वह कर्मकार अपने कर्तव्यों का पालन ऐसे रजिस्ट्रीकृत नियोजक या उसके प्राधिकृत प्रतिनिधि या पर्यवेक्षक के निदेशों तथा उस पत्तन या स्थान के, जहां वह काम कर रहा है, नियमों के अनुसार करेगा।

37. रजिस्ट्रीकृत नियोजकों की बाध्यताएं —(1) प्रत्येक रजिस्ट्रीकृत नियोजक "स्कीम" की बाध्यताओं को स्वीकार करेगा ;

(2) खण्ड 28 के उपबन्धों के अधीन रहते हुए कोई भी रजिस्ट्रीकृत नियोजक प्रशासनिक निकाय द्वारा खण्ड 11 (ङ) के उपबंधों के अनुसार उसे आबंटित डाक कर्मकार से भिन्न किसी कर्मकार को नियोजित नहीं करेगा।

(3) रजिस्ट्रीकृत नियोजक प्रशासनिक निकाय द्वारा की गई व्यवस्थाओं के अनुसार उसे वर्तमान में और भविष्य में श्रमिकों की आवश्यकता के बारें में सभी उपलब्ध जानकारी देगा।

(4) रजिस्ट्रीकृत नियोजक जब तक कि अन्यथा निदेश न दिया जाए कालानुपाती दर या मात्रानुपाती दर पर काम करने वाले कर्मकारों द्वारा किए गए काम की मात्रा की विशिष्टियों और ऐसे अन्य आंकड़ जो उसके द्वारा काम पर लगाए गए रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकारों के संबंध में अपेक्षित हों प्रशासनिक निकाय को देगा।

(5) (1) रजिस्ट्रीकृत नियोजक ऐसी रीति से और ऐसे समय पर, जो बोर्ड निादष्ट करें खण्ड 51 (1) के अधीन देय लेवी और पूलगत कर्मकारों को शोध्य मकल मजदूरी का प्रशासनिक निकाय को संदाय करेगा

(2) रजिस्ट्रीकृत नियोजक डाक कर्मकार कल्याण निधि के अभिदायों का सदाय करेगा।

(6) रजिस्ट्रीकृत नियोजक ऐसे अभिलेख रखेगा जिनकी बोर्ड अपेक्षा करे और बोर्ड को या ऐसे व्यक्तियों को जो बोर्ड द्वारा पदाभिहित किए जाए, युक्तियुक्त सूचना पद रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकारों से तथा जिस काम पर वे नियोजित किए गए हों, उससे संबधित सभी ऐसे अभिलेख और किसी भी प्रकार के अन्य दस्तावज पेण करेगा तथा उनसे संबधित ऐसी जानकारी देगा, जो बोर्ड द्वारा या उसकी और से जारी की गई किसी सूचना या निदेश में उपवर्णित हो।

38. नियोजन पर निबंधन—(1) रजिस्ट्रीकृत नियोजक से भिन्न कोई व्यक्ति जिसे यह स्कीम लागू होती है किसी कर्मकार को डाक कर्म में नियोजित नहीं करेगा कर्मकार और न कोई रजिस्ट्रीकृत नियोजक, तब तक किसी डाक को नियोजन में लगाएगा या डाक-कर्म में नियोजित करेगा जब तक कि वह कर्मकार जिसे यह स्कीम लागू होती है रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकार नहीं है।

(2) इस खण्ड के पूर्वगामी उपबन्धों के होते हुए भी:—

(क) जहां प्रशासनिक निकाय का यह समाधान हो जाता है कि —

(1) डाककर्म का आपाती रूप से किया जाना अपेक्षित है ; और —

(2) उस काम के लिए कोई रजिस्ट्रीकृत डाक-कर्मकार मिलना युक्तियुक्त रूप से साध्य नहीं है

वहा प्रशासनिक निकाय, बोर्ड द्वारा अधिरोपित किन्हीं परिसीमाओं के अधीन रहते हुए, रजिस्ट्रीकृत नियोजक को ऐसे व्यक्ति आबटित कर सकेगा जो रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकार नहीं है। ऐसे कर्मकारों के चयन में जहां तक संभव हो, स्थानीय रोजगार कार्यालय से परामर्श किया जाएगा :

परन्तु जब भी अरजिस्ट्रीकृत कर्मकारों को नियोजित करना हो प्रशासनिक निकाय यदि संभव हो तो, अध्यक्ष से ऐसे कर्मकारों के नियोजन का पूर्वानुमोदन अभिप्राप्त करेगा, और जहां यह संभव नहीं है वहा 24 घंटे के भीतर, अध्यक्ष को उन पूरी परिस्थितियों की, जिनमें ऐसे कर्मकार नियोजित किए गए, थे, रिपोर्ट करेगा तथा अध्यक्ष बोर्ड को उसके आगामी अधिवेशन में, ऐसे नियोजन की सम्यक् जानकारी देगा :

(ख) यदि किसी अवकाश दिन में डाक कर्म कराना हो तो बोर्ड, ऐसी शर्तों पर जो वह विनिर्दिष्ट करे, वहां तक जहां तक कि रजिस्ट्रीकृत कर्मकार काम के लिए उपलब्ध नहीं हो उस दिन अरजिस्ट्रीकृत कर्मकारों के नियोजन, की अनुज्ञा दे सकेगा।

(ग) मद (क) और (ख) में निर्दिष्ट दशा में, रजिस्ट्रीकृत नियोजक द्वारा उपर्युक्त रूप में नियोजित व्यक्ति की बाबत ,खण्ड 37 के उपखण्ड (4), (5) और 6) तथा खण्ड 40 के प्रयोजनों के लिए, उस डाक-कर्म के संबध में यह माना जाएगा कि वह दैनिक कर्मकार था।

(3) पूल में कोई रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकार, उन दिनों जब उसे प्रशासनिक निकाय द्वारा काम के लिए आंबटित नहीं किया गया है, स्कीम के अधीन रजिस्ट्रीकृत नियोजकों से भिन्न नियोजकों के अधीन यदाकदा नियोजन प्राप्त कर सकेगा। परन्तु यह तब जब वह खण्ड 36 के अधीन अपनी बाध्यताओं को पूरी तौर से पूरा करता है।

39. वे परिस्थितिया जिनमें स्कीम लागू नहीं रह जाती है (1) जब किसी रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकार का नाम इस स्कीम के उपबधों के अनुसार रजिस्टर या अभिलेख से हटा दिया गया हो तब स्कीम उसे लागू नहीं रह जाएगी।

(2) जब किसी रजिस्ट्रीकृत नियोजक का नाम इस स्कीम के उपबन्धों के अनुसार नियोजक रजिस्टर से हटा दिया गया है तब स्कीम उसे लागू नहीं रह जाएगी।

(3) इस खण्ड की कोई भी बात ऐसी किसी बाध्यता या अधिकार पर प्रभाव नहीं डालेगी जो किसी ऐसे समय के दौरान उपगत हुई या प्रोद्भूत हुआ था जब वह व्यक्ति रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकार या रजिस्ट्रीकृत नियोजक था।

40. कर्मकारों की मजदूरी, भत्ते और सेवा की अन्य शर्तें—रजिस्ट्रीकृत नियोजकों और रजिस्ट्रीकृत डाक-कर्मकारों के बीच हुए किसी करार के उपबन्धों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना जब तक स्कीम में विनिर्दिष्ट अन्यथा उपबंधित न हो किसी रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकार (चाहे वह पूलगत हो या मासिक रजिस्टरगत हो) और रजिस्ट्रीकृत नियोजक के बीच संविदा की एक विवक्षित शर्त होगी कि—

(क) मजदूरी, भत्ते और अतिकाल भत्ते की दरें, काम के घंटे विश्राम-अन्तराल, अवकाश दिन और उनकी बाबत वेतन तथा सेवा की अन्य शर्तें वे होंगी जो बोर्ड, कर्मकारों के प्रत्येक वर्ग के लिए समय-समय पर विनिर्दिष्ट करें, और

(ख) मजदूरी-अवधि का नियतन, मजदूरी के संदाय का समय और मजदूरी में से कटौतियां मजदूरी संदाय अधिनियम, 1936 (1936 का 4) के उपबन्धों के अनुसार होंगी।

41. नियोजन या अधो-नियोजन की बाबत वेतन और महंगाई भत्ता मजदूरी तथा अन्य भत्तों की बकाया का संदाय—(1) इस खण्ड और खण्ड 42 में दी गई शर्तों के अधीन रहते हुए जब किसी मजदूरी अवधि में पूल में कोई रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकार काम के लिए उपलब्ध है किन्तु उसे काम या पूरा नहीं दिया जाता है तो वह बोर्ड से ऐसी रकमें प्राप्त करने का हकदार होगा जो खण्ड 30, 31 और 33 के अधीन उसे अनुज्ञेय हों।

(2) वे शर्तें जिनके अधीन रहते हुए कोई रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकार से बोर्ड में उक्त संदाय, यदि कोई हो, का हकदार है, ये हैं कि—

(क) वह, निदेशानुसार हाजिरी केन्द्रों या नियंत्रण बिन्दुओं पर हाजिर हुआ था और

(ख) उसकी हाजिरी लगाई गई थी।

(3) रजिस्ट्रीकृत नियोजकों और रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकारों के बीच हुए किसी करार में बोर्ड के किसी विनिश्चय या बोर्ड अथवा केन्द्रीय सरकार द्वारा स्थापित किसी निकाय की सिफारिश या केन्द्रीय सरकार द्वारा किए गए किसी आदेश के अनुसरण में भूतलक्षी प्रभाव से किसी महंगाई भत्ते के पुनरीक्षण या पुनरीक्षित मजदूरी अथवा अन्य भत्ते मंजूर किए जाने की दशा में बोर्ड रजिस्ट्रीकृत कर्मकारों को यथास्थिति करार की या सिफारिश या आदेश की यदि वह ऐसा विनिश्चय करता है, तारीख तक, अपनी निधि में से बकाया राशि का संदाय कर सकेगा।

42. संदाय के लिए हकदार न होना—(1) कोई रजिस्ट्रीकृत कर्मकार जो पूल में रहने के दौरान बिना किसी पर्याप्त कारण के बिना खण्ड 36 (4) (क) या (ख) के उपबंधों का अनुपालन करने में असफल रहता है या बोर्ड द्वारा या उसकी ओर से दिए गए किसी विधिपूर्ण आदेश का अनुपालन करने में असफल रहता है तो उसके विरुद्ध उप-खण्ड (3) के अनुसार कार्यवाही की जा सकेगी।

(2) चाहे पूल में कोई रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकार जो उस नियोजन के दौरान जिसमें प्रशासनिक निकाय द्वारा उसे आबंटित किया गया है किसी पर्याप्त कारण के बिना खण्ड 36 (5) के उपबन्धों का अनुपालन करने में असफल रहता है या अपने नियोजक द्वारा दिए गए किन्हीं विधिपूर्ण आदेशों का अनुपालन करने में असफल रहता है तो उसका नियोजन समाप्त किया जा सकेगा और उसे रिजर्व पूल में वापस किया जा सकेगा चाहे उसे इस प्रकार वापस किया जाता है या नहीं, इसकी लिखित रिपोर्ट श्रम अधिकारी को दी जा सकेगी। जब किसी रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकार को रिजर्व पूल में इस प्रकार वापस किया जाता है। तब प्रशासनिक निकाय उसका हाजिरी कार्ड तदनुसार पृष्ठांकित करेगा।

(3) श्रम अधिकारी उपखण्ड (1) या (2) के अधीन उद्भूत होने वाले प्रत्येक मामले पर विचार करेगा और यदि मामले का अन्वेषण करने के पश्चात् वह रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकार को अधिसूचित करता है कि उसका यह समाधान हो गया है कि डाक कर्मकार यथा-उपर्युक्त किसी विधिपूर्ण आदेश का अनुपालन करने में असफल रहा है तो वह रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकार, उस मजदूरी अवधि की बाबत जिसमें ऐसी असफलता हुई थी या जारी रही थी खण्ड 41 के अधीन किसी संदाय का या किसी संदाय के ऐसे भाग का जो श्रम अधिकारी ठीक समझे, हकदार नहीं होगा।

43. अनुशासनिक प्रक्रिया—(1) कार्मिक अधिकारी, चाहे किसी शिकायत पर या अन्यथा, यह जानकारी प्राप्त होने पर कि कोई रजिस्ट्रीकृत नियोजक स्कीम के उपबंधों का पालन करने में असफल रहा है, इसकी बाबत अन्वेषण करने के पश्चात् उसे लिखित चेतावनी दे सकेगा, या

(2) जहां उसकी राय में उच्चतर शास्ति देना उचित है, वहां वह उपाध्यक्ष को उस मामले की रिपोर्ट करेगा जो तब आगे ऐसा अन्वेषण करवा सकेगा जैसा वह ठीक समझे तथा उस नियोजक के संबंध में निम्नलिखित में से कोई कार्यवाही कर सकेगा, अर्थात्—

(क) उसकी परिनिन्दा कर सकेगा और उसकी अभिलेख पत्र में परिनिन्दा अभिलिखित कर सकेगा, या

(ख) अध्यक्ष के अनुमोदन के अधीन रहते हुए और रजिस्ट्रीकृत नियोजक को लिखित रूप में एक मास की सूचना देने के पश्चात् प्रशासनिक निकाय को यह सूचित कर सकेगा कि नियोजक का नाम नियोजक रजिस्टर से अध्यक्ष द्वारा यथा अवधारित अवधि के लिए या गम्भीर अपराध अथवा अपनी बाध्यताओं के निर्वहन में गलती की दशा में स्थायी रूप से हटा दिया जाएगा।

(3) रिजर्व पूल में कोई रजिस्ट्रीकृत डाक कर्मकार जो स्कीम के किसी उपबंध का अनुपालन करने में असफल रहता

है, या अनुशासनहीनता या अवचार का कोई कार्य करता है, उसकी नियोजक द्वारा श्रम अधिकारी को लिखित रूप में रिपोर्ट की जा सकेगी जो मामले का अन्वेषण करने के पश्चात् उस कर्मकार की बाबत निम्नलिखित में से कोई कार्यवाही कर सकेगा, अर्थात् वह—

(क) अवधारित कर सकेगा कि ऐसी अवधि तक जो वह उचित समझे वह कर्मकार खण्ड 41 के अधीन किसी संदाय या आंशिक संदाय का हकदार नहीं होगा,

(ख) उसे तीन दिन से अनधिक की अवधि के लिए बिना वेतन के निलम्बित कर सकेगा।

(3) (क) जहां उपखण्ड (2) अधीन श्रम अधिकारी को रिपोर्ट किए गए मामले में उसकी यह राय है कि अनुशासनहीनता या अवचार कार्य इतना गम्भीर है कि कर्मकार को और आगे काम नहीं करने दिया जाना चाहिए वहां श्रम अधिकारी, मामले का अन्वेषण लंबित रहने तक, कर्मकार को निलम्बित कर सकेगा और उपाध्यक्ष को तत्काल रिपोर्ट करेगा, जो उस मामले के प्रारम्भिक अन्वेषण के पश्चात् उसकी बाबत यह आदेश पारित करेगा कि क्या अंतिम आदेश होने तक कर्मकार को निलम्बित रहना चाहिए या नहीं

